हरिभूमि
# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 20 मार्च 2026

04 झारकापुरा की सड़क समस्या पर प्रशासन सख्त...


07 जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम की शुरुआत तुलसी सरोवर पर...




## समाचार संक्षेप

### प्रियदर्शनी राजे सिंधिया से लिया नपा अध्यक्ष ने आशीर्वाद

**गुना।** नगर आगमन पर प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया का नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने पुष्पगुच्छ शाल श्रीफल भेंट कर स्वागत, वंदन एवं अभिनंदन कर उनका स्नेहपूर्ण आशीर्वाद प्राप्त किया ।इस मौके पर पार्षद बबीता साहू , पार्षद अनीता कुशवाह , पार्षद कीर्ति सरवैया , ममता लावंशी , टीना भैसारे , रुचिका श्रीवास्तव , लता बैरागी , दीप्ति , कुसुम , सीमा , रिधिमा , ममता बंसल आदि महिलाएं मौजूद रही ।



### शासकीय उचित मूल्य दुकान के विरुद्ध प्रकरण दर्ज

**गुना ।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के सुदृढीकरण करने हेतु तथा कालाबाजारी करने वाले के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत कलेक्टर श किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार शासकीय उचित मूल्य दुकान शहबाजपुर तहसील आरोन के विक्रेता चन्द्रभान यादव के विरुद्ध खाद्यान्न का अपयोजन करने के कारण पुलिस थाना आरोन में ईसी एक्ट के तहत एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई।कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, आरोन द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के अनुसार शासकीय उचित मूल्य दुकान शहबाजपुर (आरोन) के विक्रेता चन्द्रभान सिंह द्वारा दुकान को आवंटित मात्रा में से गेंहू 163.67 क्विंटल, चावल 38.22 क्विंटल, नमक 71 किग्रा. एवं शक्कर 88 किग्रा. का अपयोजन कर (डायवर्सन) कर कालाबाजारी करने की अनियमिततायें की गई। संबंधित को अनुविभागीय अधिकारी (रा.), आरोन द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया तथा जबाव समाधान कारक नहीं होने से प्रकरण की गम्भीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस थाना आरोन में दिनांक 18 मार्च को एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई। अपयोजित सामग्री की इकोनॉमिक कॉस्ट 6,47,956/- रूपये होती है।

### कूनो नदी उद्गम स्थल ग्राम कंजा से किया जल गंगा जल संवर्धन अभियान का शुभारंभ



**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा कूनो नदी उद्गम स्थल ग्राम कंजा, ग्राम पंचायत पुरैनी, जनपद पंचायत गुना से "जल गंगा जल संवर्धन अभियान" का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य संतोष धाकड़ सहित सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे, सीईओ जनपद पुष्पेंद्र व्यास सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा "जल गंगा जल संवर्धन अभियान" के माध्यम से जिले में जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए जाएंगे। यह अभियान 30 जून तक संचालित होगा। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत तालाबों, नदियों, कुओं, बावड़ियों सहित अन्य पारंपरिक जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार किया जाएगा। साथ ही इन जल स्रोतों की नियमित साफ-सफाई, गहरीकरण एवं मरम्मत के कार्य भी सुनिश्चित किए जाएंगे, जिससे वर्षा जल का अधिकतम संचयन हो सके। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल शासन का नहीं, बल्कि जन-जन का अभियान है। इसमें आम नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं शासकीय विभागों की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने सभी से अपील की कि जल संरक्षण के इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लें और आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित रखें।

### गुना में सघन कॉम्बिंग गश्त, 122 वारंटी गिरफ्तार

**गुना।** अंकित सोनी के नेतृत्व में जिलेभर में 18 मार्च की रात एक साथ सभी थाना क्षेत्रों में सघन कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने गुंडा, हिस्ट्रीशीटर, जिला बदर एवं इनामी बदमाशों की व्यापक जांच की। इस कार्रवाई में लंबे समय से फरार 122 वारंटियों (48 स्थायी एवं 74 गिरफ्तारी वारंट) को पकड़कर बड़ी सफलता हासिल की गई। पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से अपराधियों में भय का माहौल बना है, वहीं आमजन में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा है।

# 'अभिमन्यु—सृजन—सम्मान' से विद्यार्थियों में जागी सामाजिक चेतना

**बजरंगगढ़ थाना पुलिस द्वारा विद्यार्थियों को सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरूक कर कानूनों की दी गई महत्वपूर्ण जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त, संवेदनशील एवं मानवीय नेतृत्व में जिले में अनवरत एकीकृत जागरूकता अभियान (अभिमन्यु, सृजन, सम्मान) संचालित किया जा रहा है । इस अभियान का उद्देश्य समाज में व्याप्त कुरीतियों का उन्मूलन कर युवाओं एवं विद्यार्थियों को जागरूक, संवेदनशील एवं जिम्मेदार नागरिक के रूप में विकसित करना है । इसी क्रम में आज दिनांक 18 मार्च 2026 को बजरंगगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कृपाल सिंह परिहार द्वारा ग्राम पायगा में मंदिर, बजरंगगढ़ में चल रहे स्किल डवलपमेंट कार्यक्रम में पहुँचकर छात्र-छात्राओं के मध्य "मैं हूं अभिमन्यु" अभियान के अंतर्गत संवाद स्थापित किया । इस



दौरान थाना प्रभारी द्वारा छात्र- छात्राओं को समाज में व्याप्त आठ प्रमुख चक्रों लिंग भेद, भ्रूण हत्या, अशिक्षा एवं असंवेदनशीलता, अश्लीलता, रूढ़िवादिता, दहेज प्रथा, नशा आदि के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया तथा इन कुरीतियों को तोड़ने हेतु उन्हें प्रेरित किया गया । साथ ही विद्यार्थियों को भारतीय न्याय संहिता 2023, पॉक्सो एक्ट, महिला संबंधी कानून, सडक सुरक्षा एवं यातायात नियमों, सायबर अपराध, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, बाल श्रम अधिनियम एवं संवैधानिक अधिकारों के संबंध में सरल, प्रभावी एवं व्यवहारिक जानकारी दी गई । कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के शिक्षक अनूप कुमार शर्मा एवं जिला योग प्रभारी काव्यांजली शर्मा सहित अन्य विद्यालयीन स्टॉफ द्वारा गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के मार्गदर्शन में संचालित इस एकीकृत जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया । गुना पुलिस द्वारा इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से भविष्य की पीढ़ी को सशक्त, सुरक्षित एवं जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में सतत प्रयास जारी रहेंगे ।



गुना। जिला प्रशासन द्वारा मानस भवन में विक्रम उत्सव 2026 के अंतर्गत "सृष्टि आरंभ दिवस, वर्ष प्रतिपदा विक्रम संवत 2083 के आरंभ" थीम पर कोटि सूर्योपासना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक गुना पन्नालाल शाक्य, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे, एसडीएम श्रीमती शिवानी पांडेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।



गुना। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री शक्तिपीठ गुना पर नवरात्रि के प्रथम दिन पर गायत्री शक्ति पीठ गुना पर साधना कक्ष का भी शुभारंभ किया गया। साथ ही पंच कुंडी गायत्री महाज्ञ के साथ दीक्षा संस्कार, पुष्पवान संस्कार ,नामकरण संस्कार अन्नप्राशन संस्कार हुए। गायत्री परिवार के प्रमुख ट्रस्टी , सहायक प्रबंधक ट्रस्टी एवं युवा प्रकोष्ठ के जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

## शहर में निकली भगवान श्री राम की शोभायात्रा, सनातनी घरों में भी मनाया नव संवत्सर

# हिंदू नववर्ष पर शहर में दिखा उत्साह, टेकरी सरकार दरबार में हुई सूर्य उपासना





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

हिंदू नव वर्ष, चैत्र प्रतिपदा एवं विक्रम संवत 2083 के शुभारंभ पर शहर में धार्मिक आस्था और उत्साह का माहौल देखने को मिला। चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन प्रातःकाल सनातन धर्मावलंबी बड़ी संख्या में टेकरी सरकार के दरबार पहुंचे, जहां श्रद्धालुओं ने सूर्य उपासना कर नववर्ष का स्वागत किया। इस अवसर पर विशेष धार्मिक अनुष्ठान भी संपन्न हुए।शहर में विभिन्न हिंदूवादी संगठनों द्वारा भगवान श्रीराम की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा के दौरान जय श्रीराम के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।विजयवर्गीय व वैश्य समाज द्वारा भी नव संवत्सर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और मंगलकामनाएं व्यक्त कीं।वहीं मानस भवन में पारंपरिक नवदुर्गा उत्सव का शुभारंभ हुआ। यहां विधि-विधान के साथ देवी पूजन किया गया। खास बात यह रही कि इस बार सरकारी स्तर पर विक्रम महोत्सव का भी आयोजन किया गया, जिससे उत्सव की भव्यता और अधिक बढ़ गई।



समूचे शहर में नववर्ष के आगमन पर मंदिरों और लोगों के घरों में धार्मिक कार्यक्रमों की धूम रही और लोगों ने श्रद्धा व उल्लास के साथ नव संवत्सर मनाया।

### वैश्य समाज ने हर्षोल्लास के साथ मनाया नवसंबत्सर

चैत्र नवरात्रि एवं नवसंबत्सर के अवसर पर मध्यप्रदेश वैश्य महासम्मेलन जिला इकाई के तत्वावधान में स्थानीय जयस्तंभ चौराहे पर वैश्य समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा भगवान श्री लक्ष्मीनारायण को सवा मन लड्डुओं का भोग लगाकर नगरवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएँ देते हुए मुंह मीठा कराया गया, साथ ही हिन्दू परंपरा के अनुसार नीम, मिश्री और कालीमिर्च का सेवन भी कराया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कहा कि आज के दिन नीम और मिश्री के सेवन का एक विशेष महत्व है , एक ओर जहां यह हमें जीवन में मीठे और कड़वे अनुभवों को स्वीकार करने हेतु सामर्थ्य प्रदान करता है वहीं दूसरी ओर बदलते मौसम में हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि करता है। जिससे लोग स्वस्थ्य रहते हैं।

### विजयवर्गीय समाज ने मनाया नवसंवत्सर

जय स्तंभ चौराहे पर विक्रम संवत 2083 नवसंवत्सर ,गुड़ी पड़वा, चैत्र नवरात्री, एवं हिंदू नव वर्ष को विजयवर्गीय समाज द्वारा बड़े ही उत्साह एवं भव्यता के साथ मनाया गया ।सर्वप्रथम समाज के वरिष्ठ डॉ अनिल विजयवर्गीय, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ऊषा विजयवर्गीय, उमा विजयवर्गीय,समाज के अध्यक्ष संजीव विजयवर्गीय ,उपाध्यक्ष प्रणय विजयवर्गीय , कोषाध्यक्ष संजय विजयवर्गीय द्वारा समाज के आराध्य स्वामी श्री रामचरण जी महाराज की तस्वीर पर फूल माला पहनाकर केसरिया तिलक लगाकर पूजन अर्चन के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया गया ।उसके पश्चात समाज के समस्त पदाधिकारी एवं समाजजनों द्वारा हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष मे शहर के आम नागरिकों को चंदन का तिलक लगाकर गुड, मिश्री ,नीम की कोपले, खिलाकर सभी को हिन्दू नव वर्ष की बधाइयां दी।



## सृजन कार्यक्रम से पारदी समुदाय के बच्चों को नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

अंकित सोनी के नेतृत्व में गुना पुलिस और मुस्कान NGO भोपाल के संयुक्त प्रयास से संचालित 15 दिवसीय "सृजन" किशोर सशक्तिकरण कार्यक्रम का समापन धरनावदा क्षेत्र के ग्राम विश्वनगर कनेरा चक में हु आ । स मा प न अवसर पर पारदी समुदाय के बच्चों ने सामूहिक गान, नृत्य एवं मार्शल आर्ट का आकर्षक प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के तहत किशोरों को आत्मरक्षा, शिक्षा, नशा मुक्ति, सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता एवं पुलिस कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई।इस दौरान करीब 80 प्रशिक्षित विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। अधिकारियों ने बच्चों को जागरूक, आत्मनिर्भर एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।



## धरनावदा पुलिस ने ट्रॉली चोरी की दो वारदातों का किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

अंकित सोनी के निर्देशन में जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के तहत धरनावदा थाना पुलिस ने ट्रॉली चोरी की दो घटनाओं का सफलतापूर्वक खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गई दो ट्रॉलियां एवं घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर जब्त किया है, जिसकी कुल कीमत करीब 8 लाख रुपये है।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी राघौगढ़ दीपा डोडवे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी प्रभात कटारे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों रामलखन (29) एवं केशव (19), निवासी ग्राम सामरसिंगा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में दोनों ने फरवरी एवं मार्च माह में हुई ट्रॉली चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया।पुलिस ने दोनों मामलों में फरियादियों की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर तकनीकी संसाधनों एवं मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपियों तक पहुंच बनाई। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी का पूरा मशरूका बरामद कर लिया गया।गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। इस कार्रवाई में धरनावदा थाना एवं झागर चौकी पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।




## फतेहगढ़ पुलिस ने 30 लीटर अवैध शराब के साथ तस्कर पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

अंकित सोनी के निर्देशन में फतेहगढ़ थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।काम्बिंग गश्त के दौरान मिली सूचना पर पुलिस टीम ने चरस्या गांव मोड़ पर घेराबंदी कर आरोपी लखन (20) निवासी फतेहगढ़ को पकड़ लिया। उसके पास से 30 लीटर अवैध कच्ची जहरीली शराब एवं तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की गई, जिसकी कुल कीमत करीब 64,500 रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फतेहगढ थाना पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध की गई इस कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अभिषेक तिवारी, सउनि जसरथ दिवाकर, सउनि दिलीप रघुवंशी, प्रधान आरक्षक प्रेम ग्वाल, प्रधान आरक्षक चंद्रसेन फाल्के, प्रधान आरक्षक सरनाम सिंह, प्रधान आरक्षक हरिओम किरार, आरक्षक हरिओम परमार, आरक्षक सुनील असैया, आरक्षक बृजेन्द्र कुशवाह, आरक्षक गोविन्द, आरक्षक दिव्यांश भार्गव, आरक्षक कुलदीप, आरक्षक कांजराज, आरक्षक बृजमोहन एवं सायबर सेल से आरक्षक कुलदीप यादव व आरक्षक भूपेन्द्र खटीक की सराहनीय भूमिका रही है ।



## बीजिया मसालों की खेती और निर्यात पर गुना में राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी आयोजित

# मसाला फसलों में अपार निर्यात संभावनाएं : किशोर कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

स्पाइसेस बोर्ड, भारत सरकार के क्षेत्रीय कार्यालय गुना (मध्य प्रदेश) द्वारा स्थानीय प्ले होटल में "बीजिया मसालों पर राष्ट्रीय स्तरीय संगोष्ठी एवं विपणन संपर्क कार्यक्रम" का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, निर्यातक एवं एफपीओ प्रतिनिधि शामिल हुए।

इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से 25 एफपीओ के प्रतिनिधियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुना जिले के कलेक्टर श्री किशोर कन्याल रहे, जिन्होंने अपने संबोधन में किसानों को गुणवत्तापूर्ण उत्पादन एवं बाजार उन्मुख खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि मसाला फसलों में अपार निर्यात संभावनाएं हैं, जिनका लाभ किसान संगठित प्रयासों से उठा सकते हैं।

स्पाइसेस बोर्ड क्षेत्रीय कार्यालय के प्रभारी डॉ. भारत गुडदे (वैज्ञानिक 'सी') ने बीजिया मसालों के गुणवत्ता मानकों, प्रमाणन एवं निर्यात प्रक्रियाओं पर विस्तार से जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र आरोन के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. धर्मेंद्र ने उन्नत कृषि




तकनीकों एवं उत्पादन वृद्धि के उपायों पर प्रकाश डाला। डीडीएच उद्यानिकी के.पी. किरार ने धनिया के बीज चयन, उत्पादन तकनीक एवं जैविक खेती पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीजों के उपयोग, संतुलित पोषण प्रबंधन एवं जैविक पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।आशीष जायसवाल (सहायक निदेशक, स्पाइसेस बोर्ड, गुना) ने अपने व्याख्यान में किसानों को मसालों के विपणन, वैल्यू एडिशन एवं बाजार से सीधा जुड़ाव पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। उन्होंने विशेष रूप से बताया कि कैसे किसान समूह बनाकर बेहतर दाम प्राप्त कर सकते हैं तथा गुणवत्ता आधारित उत्पादन से निर्यात बाजार में मजबूत पहचान बनाई जा सकती है।कार्यक्रम में प्रमुख निर्यातक पी.सी. के. महेश्वरनन (धनिया निर्यातक) ने धनिया के निर्यात पर अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय धनिया की अच्छी मांग है, लेकिन गुणवत्ता, ग्रेडिंग, सफाई एवं अवशेष मानकों का पालन अत्यंत आवश्यक है।कार्यक्रम के दौरान एफपीओ एवं निर्यातकों के बीच आपसी लिंकज भी स्थापित कराया गया, जिससे एफपीओ अपने उत्पाद सीधे निर्यातकों को बेच सकेंगे। इससे किसानों को बेहतर मूल्य प्राप्त होने के साथ-साथ विपणन की प्रक्रिया भी सरल होगी।इसके अतिरिक्त नंदकुमार (सहायक निदेशक, छिंदवाड़ा) सहित अन्य विशेषज्ञों ने भी बीजिया मसालों के उत्पादन, गुणवत्ता सुधार एवं विपणन रणनीतियों पर अपने विचार रखे।इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य किसानों को उन्नत तकनीकों, गुणवत्ता मानकों एवं निर्यात अवसरों से अवगत कराना था।

## समाचार संक्षेप

### राघौगढ़ में नवसंवत्सर पर ध्वजारोहण, क्षेत्र की खुशहाली की कामना



**राघौगढ़(हरिभूमि न्यूज)।** विक्रम संवत नववर्ष के शुभ अवसर पर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन स्थानीय भगवान राघौजी (राघव) मंदिर में पारंपरिक ध्वजारोहण कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।क्षेत्र के विधायक जयवर्धन सिंह ने अपने परिवार सहित मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की और ध्वजारोहण कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं उन्नति की कामना की।यह परंपरा राघौगढ़ की स्थापना काल से निरंतर चली आ रही है, जिसका निर्वहन आज भी पूरी आस्था के साथ किया जा रहा है। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों में विशेष उत्साह देखा गया।विधायक ने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नया साल सभी के जीवन में नई ऊर्जा, खुशहाली और समृद्धि लेकर आए।

### नगर में शांति-समिति की बैठक संपन्न



**राघोगढ़(हरिभूमि न्यूज)।** थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आने वाले त्योहार ईद रामनवमी हनुमान जयंती आदि त्योहार को शांतिपूर्ण मनाने एवं नगर में चल समारोह शोभा यात्रा शांति एवं भाईचारा के साथ निकाले एवं त्योहार मनाए। त्योहारों पर निकलने वाले जुलूस को शांतिपूर्ण निकाले जुलूस में नशा करके कोई ना आए साफ सफाई लाइट व्यवस्था पशुओं की व्यवस्था ट्रैफिक व्यवस्था विद्युत विभाग लटके तारों की अनेक मुद्दों पर चर्चा की गई । प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था हथियारों पर पूर्णत प्रतिबंध डीजे भी पूर्णतः बंद रहेगा। शांति समिति की बैठक में अनेक मुद्दों पर चर्चा की गई । इस अवसर पर इंचार्ज थाना प्रभारी रसना राजावत एवं मुस्लिम समाज के सदर ताहिर खान, बरखेड़ी मदरसा के संचालक काजी मोहम्मद अनीस रहमानी, पार्षद गोपाल पटवा, राजा मंसूरी एवं नगर के वरिष्ठ जन मौजूद रहे।

### कुशवाह विवाह सम्मेलन समिति की बैठक 20 को

**गुना(हरिभूमि न्यूज)।** श्रीराम जानकी कुशवाह विवाह सम्मेलन समिति गुना की बैठक 20 मार्च को सांयकाल 7 बजे श्रीरामजानकी प्राचीन मंदिर कुशवाह समाज पुरानी छावनी गुना में समिति के अध्यक्ष इंजी.नरेश कुशवाह एन. एफ.एल. गुना की अध्यक्षता में आयोजित की जा रही है। बैठक में वर्ष 2025 के युवा - युवती परिचय सम्मेलन का आय - व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत करना , एवं श्री हनुमान टेकरी धाम पर कुशवाह समाज का निःशुल्क विवाह सम्मेलन करने पर विचार विमर्श किया जायेगा। श्रीराम जानकी कुशवाह विवाह सम्मेलन समिति के पदाधिकारीयों, कार्यकर्ताओं एवं सभी समाज बन्धुओं से बैठक में उपस्थित होने का आग्रह समिति के अध्यक्ष, नरेश कुशवाह, कार्यकारी अध्यक्ष प्रीतम सिंह कुशवाह,महामंत्री रणवीर सिंह कुशवाह ने किया है ।

# झरकापुरा की सड़क समस्या पर प्रशासन सख्त, निर्माण का रास्ता हुआ साफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा




पीपल्या मोती पंचायत के मजरा झरका पुरा में वर्षों से चली आ रही सड़क समस्या के समाधान की दिशा में अब प्रशासनिक स्तर पर ठोस पहल होती नजर आ रही है। करीब 30-40 घरों की इस बस्ती में प्राथमिक स्कूल भी संचालित है, लेकिन सड़क के अभाव में ग्रामीणों को लंबे समय से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय समाचार पत्रों में लगातार खबरें प्रकाशित होने और ग्रामीणों द्वारा ज्ञापन सौंपे जाने के बाद प्रशासन सक्रिय हुआ। एसडीएम रवि मालवीय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संज्ञान लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इसी क्रम में पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक ने मौके पर पहुंचकर विस्तृत निरीक्षण किया और अपनी रिपोर्ट प्रशासन को सौंप दी है। रिपोर्ट में सड़क निर्माण की आवश्यकता को स्पष्ट रूप से दर्शाया गया है, जिससे अब निर्माण कार्य का मार्ग लगभग प्रशस्त हो गया है।वहीं, आज ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (R.E.S.) के अधिकारी भी स्थल पर पहुंचे और प्रस्तावित सड़क का निरीक्षण किया। अधिकारियों के अनुसार, जल्द ही तकनीकी प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।इस पहल से ग्रामीणों में खुशी की लहर है और वर्षों पुरानी समस्या के समाधान की उम्मीद अब मजबूत होती दिखाई दे रही है।




### झूलेलाल जयंती पर सिंधी समाज के विविध कार्यक्रम 20 मार्च को


**राघौगढ़।** सिंधी समाज के इष्ट देव भगवान झूलेलाल के अवतरण दिवस एवं चेट्री चंद्र के पावन अवसर पर 20 मार्च 2026 को सिंधी समाज द्वारा विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।भारतीय सिंधु सभा के अध्यक्ष आनंद कृष्णानी ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रमों की शुरुआत प्रातः 10 बजे जयस्तंभ चौक पर होगी, जहां सभी धर्मप्रेमी बंधुओं को ताहिरी (मीठे पीले चावल) का प्रसाद वितरित किया जाएगा।इसके पश्चात शाम 4 बजे से 5 बजे तक श्री गुरुद्वारा सिंह सभा में सुखमनी साहिब का पाठ किया जाएगा। शाम 5 बजे बहिराना प्रज्वलित कर भजन-कीर्तन का आयोजन होगा, जिसके बाद अरदास की जाएगी।रात्रि 8:00 बजे से 9:30 बजे तक लंगर सेवा आयोजित की जाएगी।इस अवसर पर सिंधी समाज के परिवारों के साथ-साथ पंजाबी समाज एवं अन्य धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है।

## जल गंगा अभियान की शुरुआत

# चाचौड़ा तालाब की हुई सफाई प्रशासन और जनप्रतिनिधि जुटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

नगर परिषद चाचौड़ा-बीनागंज द्वारा आज जल संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "जल गंगा अभियान" कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय चाचौड़ा तालाब से की गई। अभियान के तहत एसडीएम एवं सीएमओ के नेतृत्व में विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने तालाब परिसर में श्रमदान कर साफ-सफाई की। कार्यक्रम के दौरान तालाब में फैली गंदगी और कचरे को हटाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि जल गंगा अभियान का उद्देश्य जल स्त्रोतों का संरक्षण, संवर्धन एवं स्वच्छता बनाए रखना है, जिससे आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ जल उपलब्ध हो सके।इस अवसर पर अनिरुद्ध मीणा पेची, वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद सुनील माली, वार्ड क्रमांक 8 के प्रतिनिधि सुधांशु राजावत, युवा मोर्चा चाचौड़ा के मंडल अध्यक्ष नंदू सेनी, सूरज पालीवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।नगर परिषद चाचौड़ा-बीनागंज के समस्त कर्मचारियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे जल स्त्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें और ऐसे अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लें।



# इस कलिकाल का अंतिम ग्रंथ है श्री रामचरितमानसः आचार्य पारीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

चाचौड़ा केसर गार्डन में आयोजित श्री राम कथा के प्रथम दिवस पारीक ने कहा_ रामचरितमानस इस कलयुग का सबसे श्रेष्ठ ग्रंथ है। इसके बाद कोई कथा लिखी जाए यह अलग बात है। लेकिन अभी तक की जो श्रेष्ठ कथा है वह रामचरितमानस है। वेद, पुराण, शास्त्र हमारे पल्ले नहीं पड़ेंगे । केवल दो प्रतिशत आचार्य, शास्त्री ही इन्हें समझ सकते हैं। रामायण भी बहुत हैं। जैसे आनंद रामायण, कम्ब रामायण, वाल्मीकि रामायण, अध्यात्म रामायण आदि। हमें प्रतिदिन रामचरितमानस का पाठ करना चाहिए। इसमें तुलसीदास जी ने पहले पन्ने पर सात श्लोक में नौ देवताओं की वंदना की है। गणेश, सरस्वती, भगवान शंकर, भवानी, गुरु वंदना, वाल्मीकि, हनुमान जी, सीताजी और राम । आयोजक समस्त नगर वासी चाचौड़ा के श्रद्धालुओं ने क्षेत्र के सभी भक्तों से,श्रोताओं से अधिक से अधिक संख्या में पधार कर कथा श्रवण करने का आग्रह किया। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बल्लू अर्चना काला पहाड़ ने राम कथा जुलूस का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।



# जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत चौपट नदी तट पर स्वच्छता, पौधारोपण, गहरीकरण कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

नगर पालिका राघौगढ़ एवं मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड विजयपुर गुना के संयुक्त तत्वावधान में)मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत दिनांक 19 मार्च से 30 जून तक विभिन्न जल स्त्रोतों नदी/तालाब के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु आज चौपट नदी रुठियाई व्यापक गतिविधियाँ प्रारंभ की गई ! इस दौरान नदियों व तालावो की स्वच्छता, जल गुणवत्ता को बनाये रखने के लिए विसर्जन की जाने वाली अघुलनशील पोलिथीन, थर्माकोल, कपडा, बोरी, प्लास्टिक अपशिष्ट बोत्तल डिब्बे आदि को चोपन नदी से एकत्रित कराया गया, कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य नगर पालिका अधिका तेज सिंह यादव, क्षेत्रीय अधिकारी मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नीतेश चौरसिया एवं के.बी. शर्मा द्वारा परंपरा अनुसार समस्त आगंतुको को गुड और नीम की पत्तिया खिलाकर गंगा जल संवर्द्धन अभियान प्रारंभ किया इसी क्रम में नगर पालिका राघौगढ़,क्षेत्रीय कार्यालय, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, एवं एनएफएल (NFL) गेल के प्रतिनिधियों एवं पार्षदगणों के साथ संघठन युक्त रूप से रुठियाई स्थित चोपन नदी के तट पर अभियान का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम के दौरान नदी तट की साफ-सफाई की गई, जिसमें लगभग दो ट्रॉली अपशिष्ट सामग्री एकत्रित कर हटाई गई। साथ ही नदी तट के सौंदर्यीकरण एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से सघन वृक्षारोपण भी किया गया।चोपट नदी फ्रंट के विकास हेतु NFL एवं गेल प्रबंधन से सहयोग की मांग की गई हैं एवं जल गुणवत्ता निगरानी के लिए मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रणबोर्ड द्वारा वाटर सैंपलिंग पॉइंट निर्धारित किया हैं । जिससे आगामी समय में इस क्षेत्र को एक विकसित एवं स्वच्छ नदी तट के रूप में स्थापित किया जा सके। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह यादव,क्षेत्रीय अधिकारी, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नीतेश चौरसिया, सहित बोर्ड के अधिकारी एवं कर्मचारी गेल एनएफएल पर्यावरण प्रबंधन कोष के प्रतिनिधि आकाश वर्मा एवं मनोज फालके उपस्थित रहे, कार्यक्रम के संयोजक के.बी. शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया, इस अवसर पर नगर पालिका की स्वच्छता टीम ने विशेष उल्लेखनीय कार्य किया प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से सर्व भूपेंद्र सिंह नरवरिया, विशाल पांडे,कल्याण सिंह, गुलाब राव, अमित सोनी, हरिओम शरण सैनी, विक्रम सिंह चौहान, भारत, विष्णु विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी आगंतुको को स्वल्पाहार दिया गया। इसके अतिरिक्त क्षेत्र के पार्षदगण एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान कर स्वच्छता एवं वृक्षारोपण कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाई।उक्त अभियान के अंतर्गत यह कार्य सतत रूप से जारी रखा जाएगा, जिससे जल स्त्रोतों का संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन सुनिश्चित किया जा सके।



## रेड क्रॉस सोसाइटी की कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित

# ब्लॉक स्तर पर रक्तदान शिविर, जन औषधि केंद्र 24 घंटे खुलने पर विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला रेड क्रॉस सोसाइटी की पहली बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में सभी प्रबंध कार्यकारिणी सदस्यों का परिचय हुआ। चेयरमैन सहित सभी कार्यकारिणी द्वारा कलेक्टर साकेत मालवीय का स्वागत किया गया तथा आगामी कार्यक्रमों पर विचार विमर्श किया गया।

जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में लगातार ब्लड की आपूर्ति के लिए प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर रक्तदान शिविर लगाने तथा जन औषधि केंद्र 24 घंटे खुला रहे ऐसी योजना पर विचार किया गया। इस दौरान रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष डॉक्टर जयमंडल सिंह यादव, प्रदेश प्रबंध समिति सदस्य डॉ अनुराधा यादव सीएमएचओ डॉ अलका त्रिवेदी सिविल सर्जन डॉक्टर भूपेंद्र शेखावत रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव संजय रघुवंशी प्रदेश प्रतिनिधि डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी डॉक्टर दीपक मिश्रा डॉ राजकुमार शर्मा सतीश पाराशर देवेंद्र अग्रवाल अंकित छाबड़ा आयुष विभाग से डॉक्टर उपेंद्र रघुवंशी, डॉक्टर दीपक रघुवंशी, डॉक्टर संदीप जैन बैठक में उपस्थित रहे।






### गीता स्वाध्याय समिति सदस्यों ने उगते सूर्य को अघ्र्य देकर मनाया नव संवत्सर

**शाढ़ौरा।** भारतीय नव संवत्सर और गुड़ी पड़वा के पावन पर्व पर नगर में उत्साह का माहौल रहा विश्व गीता प्रतिष्ठान के तत्वावधान में गीता स्वाध्याय समिति शाढ़ौरा द्वारा श्री हनुमान टेकरी पर एक नवाचार समारोह का आयोजन किया गया।

**सूर्य उपासना और धार्मिक अनुष्ठान** गुरुवार की सुबह ब्रह्म मुहूर्त में बड़ी संख्या में श्रद्धालु हनुमान टेकरी पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 5:30 बजे सूर्य उपासना और श्रीराम संकीर्तन के साथ हुई। नव संवत्सर और विक्रमोत्सव के उपलक्ष्य में उपस्थित नागरिकों ने उगते हुए भगवान भास्कर को श्रद्धापूर्वक अघ्र्य देकर नए वर्ष पर विश्व मंगल की कामना की ओर श्रीमद्भागवत गीता पाठ और पूजन-अर्चन कर इस आध्यात्मिक उत्सव को मनाया विशेष रूप से श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय (पुरुषोत्तम योग) का सामूहिक वाचन किया गया। इसके उपरांत विधि-विधान से पूजन-अर्चन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में भगवान की भव्य आरती की गई, जिसमें नगर के गणमान्य नागरिकों और प्रवर संतों की उपस्थिति रही। नीम-गुड़ के प्रसाद का वितरण भारतीय परंपरा का निर्वहन करते हुए, आरती के पश्चात सभी उपस्थित श्रद्धालुओं को नीम और गुड़ का प्रसाद वितरित किया गया। स्वास्थ्य और शुद्धि के प्रतीक इस प्रसाद को ग्रहण कर लोगों ने एक-दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं।

# धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए निर्भया बनेगी शक्ति दल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर




पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में आगामी नवरात्रि त्यौहार के दौरान जिले के समस्त प्रमुख मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की संभावित अधिक संख्या को दृष्टिगत रखते हुए व्यापक सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था के सुदृढ़ प्रबंधन हेतु विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है। इसी क्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए "निर्भया पुलिस मोबाइल" को विशेष रूप से "शक्ति दल" के रूप में संचालित किया जाएगा। यह शक्ति दल नवरात्रि पर्व के दौरान प्रतिदिन प्रातःकाल से ही सक्रिय रहकर मंदिर परिसरों एवं आसपास के क्षेत्रों में सतत भ्रमण करेगा तथा श्रद्धालुओं, विशेषकर महिलाओं एवं बालिकाओं, की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। निर्भया मोबाइल टीम द्वारा मंदिरों के प्रवेश एवं निकास मार्गों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों एवं प्रमुख मार्गों पर निगरानी रखी जाएगी। साथ ही किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, अभद्र व्यवहार, अव्यवस्था या संदिग्ध गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही की जाएगी। आमजन में सुरक्षा का भाव सुदृढ़ करने हेतु टीम द्वारा संवाद स्थापित कर आवश्यक जागरूकता भी प्रदान की जाएगी। अशोकनगर पुलिस द्वारा आमजन से अपील की जाती है कि वह नवरात्रि पर्व के दौरान शांति एवं व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस थाने अथवा डायल 112 पर दें।

### नेत्र शिविर में 145 मरीजों का हुआ नेत्र परीक्षण

**बीना।** सिविलअस्पताल में नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सद्गुरुदेव नेत्र चिकित्सालय नेत्र चिकित्सक डॉ सुरेंद्र एवं सिविल अस्पताल नेत्र चिकित्सा सहायक प्रहलाद सिंह कुशवाहा ने शिविर में आए लोगों का नेत्र परीक्षण किया। वहीं सेंटर प्रभारी डॉ दिनेश वर्मा, कैंप प्रभारी कल्पेश शर्मा, कॉउंसलर रणवीर सिंह बघेल, लखन कुशवाहा ने बीपी एवं शुगर टेस्ट किया। शिविर सहयोगी सचिन भास्कर एवं वरिष्ठ समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि शिविर के दौरान 145 मरीजों के नेत्र परीक्षण कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव के तरीके बतलाए गए। जिसमें से 41 लोगों को निशुल्क दवा का वितरण किया गया। जितेन्द्र जादौन ने बीपी एवं शुगर की जांच की। 24 मरीजों को चश्मा वितरित किए गए एवं 29 मरीजों को चश्मे के नम्बर निकाल कर दिए गए। शिविर बीना के जनपद सदस्य पीपी नायक की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस दौरान पीपी नायक ने कहा सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा प्रति वर्ष 52 हजार से अधिक मोतिया बिन्द के ऑपरेशन किए जाते है।

## 80 वर्ष पार कर चुके पेंशनरों का कार्यक्रम में किया गया सम्मान

# सेवानिवृत अधिकारी,कर्मचारी पेंशनर महासंघ का वार्षिक स्नेह सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

सेवानिवृत अधिकारी,कर्मचारी पेंशनर महासंघ का वार्षिक सम्मेलन वेदांत भवन में आयोजित किया गया। साथ ही सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ की प्रदेश कार्यकारिणी की त्रैमासिक बैठक का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दिनेश बिरथरे द्वारा की गई। मुख्य अतिथि सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय पीएन तिवारी रहे। संरक्षक बसंत पुरोहित, विष्णु प्रसाद वर्मा तथा प्रदेश महामंत्री सुरेश चंद्र बादल, अशोक शर्मा प्रदेश कोषाध्यक्ष, एसबीआई के मुख्य प्रबंधक राजेंद्र पाठक, सहायक कोषालय अशोक राणा भी मंचासीन रहे। मंचासीन अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती व दत्तात्रेय ठेंगड़ी के चित्र पर माल्यार्पण पूजन अर्चन कर दीप प्रज्वलित किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का संचालन विष्णु शर्मा व प्रह्लाद श्रीवास्तव ने किया। संघ का गीत व स्वागत गीत दूधनाथ मधुकर ने प्रस्तुत किया व स्वागत भाषण संघ के जिला सचिव महाराज सिंह रघुवंशी ने प्रस्तुत किया।



**80 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनरों का सम्मान किया गया**

मंचासीन अतिथियों द्वारा संघ के 80 वर्ष से अधिक आयु प्राप्त सदस्यों मुन्शी सिंह यादव, चंदन सिंह रजक, नथन सिंह रघुवंशी, जय प्रकाश रघुवंशी, हरिगोपाल सोनी,बलवंत सिंह रघुवंशी, देवीलाल शर्मा,कृष्ण राव घाटगे को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र पहना कर सम्मानित किया।

**कार्यक्रम में पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण की मांग की गई**

कार्यक्रम को सहायक जिला कोषालय अधिकारी अशोक राणा, एसबीआई के मुख्य प्रबंधक राजेन्द्र पाठक, संरक्षक द्वय बसंत पुरोहित, विष्णु प्रसाद वर्मा प्रदेश महामंत्री सुरेश चंद्र बादल, मुख्य अतिथि सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष पीएन तिवारी व अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए दिनेश बिरथरे ने सम्बोधित किया। सभी वक्ताओं ने सेवानिवृत अधिकारी/कर्मचारी पेंशनर्स के हित की बात कही तथा शासन के समक्ष निम्न मांगे रखी। बैठक में केंद्र शासन के कर्मचारी/पेंशनर्स की भांति प्रदेश के पेंशनर्स को भी केंद्र द्वारा घोषित दिनांक से महंगाई राहत प्रदान करने, राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49(6 )से छत्तीसगढ़ राज्य की सहमति की बाध्यता हटाने, पेंशनर्स को 80 वर्ष की आयु पर मिलने वाली 20ः अतिरिक्त पेंशन के नियमों में संशोधन कर 65 वर्ष की आयु से अतिरिक्त पेंशन का लाभ दिए जाने व शासकीय कर्मचारियों की भांति पेंशनर्स की मृत्यु होने पर 50000 रुपए एक्स ग्रेशिया प्रदान किए जाने के संबंध में मांगे रखी गयी। कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों को जिलाध्यक्ष दिनेश बिरथरे व सचिव महाराज सिंह द्वारा स्मृति चिन्ह भेंटकर व अंगवस्त्र पहना कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में अशोकनगर जिले के अतिरिक्त गुना जिला निकटवर्ती शिवपुरी जिला एवं प्रदेश की कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी सहित लगभग 250 पेंशनर सदस्य उपस्थित हुए।




**96 वर्षीय शालिगराम बिरथरे के निवास पर जाकर सम्मान किया गया**

कार्यक्रम में विगत समय में दिवंगत सदस्यों को दो मिनिट का मौन धारण कर ईश्वर से अपने श्री चरणों में स्थान देने व शोक संतप्त परिजनों को इस गहन दुख को सहन करने की क्षमता प्रदान करने की प्रार्थना की गई।कार्यक्रम के अंत में आभार प्रान्तीय सह कोषाध्यक्ष महेश शर्मा द्वारा व्यक्त किया गया। ततपश्चात प्रान्तीय कार्यकारिणी की बैठक हुई। 96 वर्षीय शालिगराम बिरथरे का स्वास्थ्य अनुकूल नहीं होने से संघ के सदस्यों ने उनके निवास पर पहुंच कर उन्हें शॉल ओढ़ाकर माल्यार्पण कर व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया व आशीर्वाद लिया।

## खबर संक्षेप

### जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली अशोकनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत साहू मोहल्ला निवासी करण साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शिवम साहू ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पठार मोहल्ला निवासी करण रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अन्नू बाल्मीक, भूरा बाल्मीक और रवि शर्मा ने फरियादी व उसके भाई और पिता के साथ उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से अमन बाल्मीक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि करण और बबलेश रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत श्रीराम सिटी कॉलोनी निवासी जगदीश पाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नारायण कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तिगरी निवासी धनपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामबाबू यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से रामबाबू यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि धनपाल यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भगवानपुर निवासी करतार सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सीताराम यादव, मनीष और अनीता यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के महिला थाने के अंतर्गत ग्राम लिधौरा निवासी राधा अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सुरेश, लालाराम और गुडडी बाई अहिरवार ससुराल पक्ष की ओर से दहेज की मांग को लेकर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति किया। जिस पर से पुलिस ने ससुराल पक्ष पर मामला दर्ज किया है।

### 160 फीट केवल चोरी कर आरोपी भागा

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम रेहटवास निवासी गगनदीप संधु ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कल्ला अहिरवार निवासी रतवास फरियादी के खेत पर बने कुए से 160 फुट विधुत केवल चोरी करके फरियादी को आता देख वहां से भाग गया।

### युवक ने स्वयं के ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगाई

**अशोकनगर।** जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में कुकावली गांव के एक 30 वर्षीय युवक महेन्द्र पुत्र छोटेलाल दांगी को झुलसने के बाद उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। जहां युवक ने आरोप लगाया है कि उसके मकान का निर्माण चल रहा है, उसके ताऊ और उनके पुत्र उसे काम नहीं करने दे रहे हैं। मकान को लेकर विवाद किए जाने के बाद युवक ने यह कदम उठाया, बताया गया है कि युवक ने अपनी बाईक में से पेट्रोल निकाला और स्वयं पर डाल लिया। इस घटना में जैसे ही युवक चीखा तब परिवारजनों ने पानी डालकर आग बुझाई। युवक के शरीर का काफी हिस्सा जल गया, जिसके बाद परिवार जन उसे उपचार कराने के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार जारी है।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा हिंदू नव वर्ष मनाया गया

**अशोकनगर।** अशोकनगर स्थानीय गांधी पार्क पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा भारत माता की आरती का आयोजन किया गया एवं पटाखे ढोल नगाड़े बजाकर नया वर्ष मनाया। नगर के स्वयंसेवकों ने भारत माता की आरती की गई जिसमें ऋषभ जैन नगर संचालक पूर्व विधायक जजपाल सिंह, काका गावेश्वरी के अध्यक्ष महेंद्र शर्मा मुकेश परिहार महावीर बस्ती के सह प्रमुख विश्व हिंदू परिषद के डॉक्टर दीपक मिश्रा डॉक्टर सुषमा गोयल प्राचार्य तरण रस्तोगी श्रीनाथ पलिया नगर से करवा नगर प्रचारक भावेश के मार्गदर्शन में भारत माता की आरती की गई।

### कोटि सूर्य उपासना व सम्राट विक्रमादित्य पर आधारित नाटक का मंचन

# जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम की शुरुआत तुलसी सरोवर पर श्रमदान किया गया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

विक्रमोत्सव-2026 के अंतर्गत कोटि सूर्य उपासना एवं सम्राट विक्रमादित्य पर आधारित नाटक मंचन का जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थानीय मानस भवन अशोकनगर में पूर्व मंत्री एवं मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव के मुख्य आतिथ्य में गुरूवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में उपासन मंत्र का उच्चारण स्कूली छात्रों द्वारा किया गया। साथ ही अतिथियों द्वारा ब्रह्मध्वज की पूजन की गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान जन गण मन का सामूहिक गायन हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव ने सृष्टि के आरंभ दिवस, गुड़ी पड़वा, नववर्ष विक्रम संवत 2083 के आरंभ की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति की जीवित रखना हम सभी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति की परम्परा के प्रति बच्चों को जागृत कर संस्कार प्रदान किये जाएं। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा विक्रमोत्सव जैसे कार्यक्रमों का आयोजन कर भावी पीढियों के लिए संदेश दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महान सम्राट विक्रमादित्य ने ऐसी परंपरा स्थापित की जो आज भी हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है। विक्रमोत्सव की ख्याति तेजी से बढ़ रही है। उज्जैनी काल गणना का केंद्र रही है। हमारे सभी त्योहार मंगल तिथियों पर आते हैं जो विक्रम संवत पर आधारित हैं।

उन्होंने कहा कि विक्रम संवत भारत का एक प्राचीन और प्रमुख चंद्र-सौर कैलेंडर है, जो ग्रेगोरियन कैलेंडर (ईस्वी सन) से 57 वर्ष आगे चलता है। इसकी शुरुआत 58 ईसा पूर्व में उज्जैन के राजा विक्रमादित्य ने शकों पर विजय पाने के बाद की थी। यह हिंदू नव वर्ष (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) के साथ शुरू होता है। कार्यक्रम में कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा नववर्ष विक्रम संवत 2083 की शुभकामनाएं देते हुए विक्रमोत्सव-2026 के आयोजन में निहित भावों और इसकी रूपरेखा पर प्रकाश डालते विस्तृत जानकारी दी।



#### सम्राट विक्रमादित्य पर आधारित नाटक का मंचन किया



कार्यक्रम में सम्राट विक्रमादित्य पर आधारित नाटक का मंचन भी किया गया। इस दौरान सभी नाट्य कलाकारों का सम्मान किया। इस दौरान भारत का नववर्ष विक्रम संवत पुस्तक का विमोचन कर वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर एवं बृजविहारीलाल श्रीवास्तव, सांसद प्रतिनिधि संजीव भारिल्य,पार्षद शालिनी खैरा सहित अधिकारीगण एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।

#### अभियान का शुभारंभ किया

19 मार्च से 30 जून तक प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया गया है। अभियान के तहत कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा गुरूवार को जनपद पंचायत अशोकनगर की ग्राम पंचायत मोहरीराय में पहुंचकर जल गंगा संवर्धन अभियान के शुभारंभ किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत भवन में रैन वाटर हार्वेस्टिंग ,तालाब गहरीकरण ,गौशाला में पानी की टंकी आदि जल संरक्षण के कार्यों का भूमिपूजन एवं श्रमदान किया। साथ ही उन्होंने ग्रामवासियों से जल संरक्षण अभियान में बढ़ चढ़कर भाग लिये जाने का आव्हान किया एवं निजी मकानों पर रैन वाटर हार्वेस्टिंग करवाने की अपील आमजन से की। उन्होंने सभी शासकीय भवनों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य रूप से किए जाने के निर्देश दिए। सभी नलकूपों पर रिचार्ज पिट निर्माण किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर देवकीनंदन सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अशोकनगर शैलेन्द्र यादव, तहसीलदार अशोकनगर भारतेंदु यादव ,विनोद गंगवाल कार्यपालन यंत्री, प्रतापभान सिंह यादव,अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे ।

**तुलसी सरोसर तालाब पर साफ-सफाई कर किया श्रमदान** जल गंगा संवर्धन अभियान के शुभारंभ अवसर पर गुरूवार को तुलसी सरोवर तालाब में कलेक्टर साकेत मालवीय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,अपर कलेक्टर डीएन सिंह, जनप्रतिनिधि सहित नगर पालिका अशोकनगर एवं जन अभियान परिषद की संयुक्त टीम द्वारा साफ सफाई कर श्रमदान किया गया।

## दुष्कृत करने वाले सौतेले पिता व सहयोगी मां को 20 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत एक 11 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ दुष्कृत करने वाले सौतेले पिता और सहयोगी माता को न्यायालय द्वारा 20-20 वर्ष कारावास की सजा सुनाई गई है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 16.09.2024 को थाना शाढ़ौरा में एक 11 वर्षीय नाबालिग बालिका द्वारा उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 15.09.2024 की रात्रि में, जब वह अपने घर पर अपने सौतेले पिता के साथ अकेली थी व उसकी माता को आरोपी पिता द्वारा घटना दिनांक के एक दिन पूर्व मायके छोड़ दिया था, घटना दिनांक में आरोपी ने रात्रि लगभग 8 बजे गंदा कृत्य किया। घटना के उपरांत आरोपी द्वारा पीड़िता को जान से मारने की धमकी देकर चुप रहने का दबाव बनाया गया। पीड़िता द्वारा साहस का परिचय देते हुए अपनी माता को घटना के संबंध में बताया, किन्तु उसकी माता द्वारा भी उसे चुप रहने एवं किसी को जानकारी न देने हेतु दबाव डाला गया। पीड़िता ने थाना शाढ़ौरा पहुँचकर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई। तत्कालीन थाना प्रभारी शाढौरा निरीक्षक नरेन्द्र त्रिपाठी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित कर त्वरित कार्यवाही प्रारंभ की गई। उपनिरीक्षक संध्या रघुवंशी द्वारा पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया, साथ ही आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर उसका मेडिकल परीक्षण कराकर डीएनए सैंपल लिए गए। विवेचना के दौरान घटना स्थल का सूक्ष्म निरीक्षण कर आवश्यक भौतिक एवं वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्रित किए गए, जिन्हें फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला भेजा गया। प्राप्त डीएनए रिपोर्ट आरोपी के विरुद्ध पुष्टिकारक सिद्ध हुई। प्रकरण में पीड़िता के कथन न्यायालय में धारा अनुसार दर्ज कराए गए, जिसमें उसने आरोपी पिता द्वारा किए गए घृणित कृत्य एवं माता द्वारा सहयोग करने की पुष्टि की। सम्पूर्ण विवेचना पूर्ण कर दिनांक 08.11.2024 को विशेष न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में अभियोजन एवं बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के पश्चात विशेष न्यायाधीश प्रकाश केरकेट्टा द्वारा आरोपीगण को दोषसिद्ध पाया गया। 'आरोपी पिता को धारा 5(एल), 5(एम)(एन), 5(जे) सहपठित धारा 6 पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत ''20 वर्ष का सश्रम कारावास'' एवं अर्थदंड से दंडित किया गया।'साथ ही धारा 351(2) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत अतिरिक्त 02 वर्ष का कारावास एवं अर्थदंड'' प्रदान किया गया। आरोपी माता को धारा 16 एवं 17 पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत 20 वर्ष का सश्रम कारावास'' एवं अर्थदंड से दंडित किया गया है।

### डिफॉल्टर होने के साथ ही शिक्षकों की सिविल भी ख़राब हुई

अशोकनगर। मध्यप्रदेश में शासन के आदेशानुसार माह की एक तारीख़ को सरकारी कर्मचारियों वेतन भुगतान करने का प्रावधान है। लेकिन अशोकनगर जिले में अशोकनगर विकासखंड के शिक्षकों को फरवरी माह का दूसरा सप्ताह बीत जाने के बाद भी फरवरी माह का वेतन नहीं मिला। राज्य शिक्षक उत्थान संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह रघुवंशी ने कहा कि शिक्षक अपने लोन की किश्त निर्धारित समय पर न जमा होने से डिफॉल्टर हो गए, वहीं उनकी सिविल भी ख़राब हो गई। वह अपनी आर्थिक जरूरतों के लिए परेशान भी हो रहे हैं। जबकि मुंगावली विकासखंड में शिक्षकों का वेतन विगत माह भी और इस माह भी समय पर मिला है। मध्यप्रदेश राज्य शिक्षक उत्थान संघ वेतन भुगतान में लगभग महीने भर के विलम्ब के उत्तरदायियों को चिह्नित कर उन पर कार्यवाही की मांग करता है। मध्यप्रदेश राज्य शिक्षक उत्थान संघ विभागीय प्रशासन के इस रवैए पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए शिक्षकों को नियमानुसार हर माह की एक तारीख़ को वेतन भुगतान सुनिश्चित करने की मांग करता है। पिछले महीने भी यही हुआ था। साथ ही विगत माह का वेतन एवं क्रमोन्नति एरियर अविलंब दिए जाने की मांग को दोहराता है। अन्यथा की स्थिति में शिक्षक सामूहिक रूप से विरोध प्रदर्शन करेंगे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत पानी चौपाल आयोजित की गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली

जल गंगा सवर्धन अभियान 2026 एवं संकल्प से समाधान अभियान अन्तर्गत गुरुवार को ग्राम पंचायत मल्हारगढ में खंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन विधायक मुंगावली बृजेन्द्र सिंह यादव के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन प्राचीन किले के अंदर रखा गया था एवं किले के पास वाले तालाब में सभी जनप्रतिनिधियों एवं उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों व ग्रामीणजनो के जनसहयोग से श्रमदान कर किले की साफ-सफाई एवं तालाब से गाद निकालने का कार्य किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मुंगावली द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के बारे में विस्तृत रूप जनसहयोग के माध्यम से करने हेतु प्रोत्साहित किया गया एवं जल गंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत पानी चौपाल आयोजित की गई। पानी बचाने के संबंध में मुंगावली द्वारा सभी को शपथ दिलाई गई। संकल्प से समाधान अन्तर्गत हितलाभ वितरण किया गया। कार्यक्रम में अनुविभागीय राजस्व अधिकारी इसरार खान, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आलोक इटोरिया, धर्मेन्द्र जैन, नरेश ग्वाल, रामराजा दांगी, समस्त विभाग प्रमुख विकासखंड अधिकारी, मोहर सिंह गुर्जर, निरंजन सिंह राजपूत सचिव ग्राम पंचायत मल्हारगढ, पदम यादव ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत मल्हारगढ एवं अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहें।



### हिंदू नव वर्ष महोत्सव श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर मनाया गय

अशोकनगर। स्थानीय यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा पुजारी किशन लाल मिश्रा के सानिध्य में गुरुवार को मनाया गया। हिंदू नव वर्ष गुड़ी परमा महोत्सव मार्कंडेय पुराण के अनुसार उन्होंने बताया कि श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रद्धालु ओं द्वारा श्री दुर्गा सप्तशती पाठ मध्यम चरित्र के साथ किया जा रहा है। जिसमें कवच अर्गला कीलक देवी सूक्त रात्रि सूक्त सिद्ध कुंज का स्त्रोत दुर्गा अष्टोत्तर सतनाम स्तोत्र किया जा रहा है जिसमें आज विधिवत पांच उपचार से एक कन्या का पूजन किया गया। पूजन में फल फल मेवा मिठाई एवं चुनरी भेंट स्वरूप में दी गई अन्य कन्याओं का भी सम्मान किया गया। गुड़ी पड़वा को प्रथम दिन के पाठ में शैलपुत्री के नाम से सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि मां दुर्गा अपने पहले स्वरूप में शैलपुत्री के नाम से जानी जाती है पर्वतराज हिमालय के यहां पुत्री के रूप में उत्पन्न होने के कारण इनका नाम शैलपुत्री पड़ा यह माता बैल पर सवार रहती हैं माता जी के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का फूल है यह नवदुर्गा में प्रथम दुर्गा है नवरात्र पूजन में इन्हीं की पूजा और उपासना की जाती है इनकी उपास नासे योगी जन अपने मन को मूलाधार चक्र में स्थित करते हैं यह माता दीन दुखी की सेवा करने से बहुत प्रसन्न होती हैं। यह माता पर्वत राज की पुत्री होने के कारण विशेष धैर्य धारण करने वाली हैं।

## थाना देहात न गुंडागर्दी करने वाले रॉयल ग्रुप के 3 आरोपियों को गिरफ्तारकिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में थाना देहात पुलिस द्वारा आमजन में भय का वातावरण निर्मित करने वाले रॉयल ग्रुप के आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया गया है।

उल्लेखनीय है कि थाना देहात अंतर्गत 17 मार्च को फरियादी दीपक रघुवंशी, निवासी दुर्गा कॉलोनी अशोकनगर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि रॉयल गुरप के 6-7 व्यक्तियों द्वारा तुलसी सरोवर पार्क, पछाड़ीखेड़ा रोड पर बैठे उसके मित्रों अमित शर्मा एवं उमेश अहिरवार के साथ पुरानी रंजिश के चलते अश्लील गालियां दी गईं तथा डंडों एवं लोहे की रॉड से मारपीट की गई। साथ ही आरोपियों द्वारा शराब पीने हेतु रुपये की मांग की गई। उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाना देहात में अपराध क्रमांक 167/26 अंतर्गत धारा 119(1), 115(2), 296(बी), 351(2), 191(2), 191(3) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी देहात को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देषित किया गया। थाना प्रभारी देहात उनि. भुवनेश शर्मा द्वारा टीमों का गठन कर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। तत्पश्चात आरोपियों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में राहुल अहिरवार निवासी आंवरी, सचिन जाटव निवासी गरोंली एवं दिलीप अहिरवार निवासी बरखेड़ी शामिल हैं। पूछताछ के दौरान यह तथ्य सामने आया कि आरोपियों द्वारा रॉयल नाम से ग्रुप बनाकर लोगों के साथ गुंडागर्दी एवं मारपीट की घटनाओं को अंजाम दिया जाता था। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है तथा अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।



### यह आस्था, भक्ति और श्रद्धा का पर्व, मां की आराधना भक्ति भाव से की जाएगी

# नवरात्रि महापर्व की शुरुआत, शीतला माता के दरबार में घट स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

नवरात्रि महापर्व की शुरुआत घट स्थापना से की गई। सुबह की भोर में हजारों महिलाएं शीतला माता के दरबार में जल अर्पित करने पहुंची। नवरात्रि की शुरुआत गुरूवार से हो गई है। यह पर्व आस्था, भक्ति और श्रद्धा का पर्व है। इस पर्व पर मां की आराधना भक्ति भाव से की जाएगी।

#### शीतला मां के दरबार में हजारों महिलाएं पहले दिन पहुंची

शहर में शीतला माता के दरबार में हजारों महिलाएं सुबह की भोर में जल चढ़ाने पहुंची और माता का अभिषेक किया गया। यह आयोजन लगातार नौ दिनों तक चलेगा। नवरात्रि का पर्व खुशी और उत्साह का संदेश लेकर आता है यह पर्व घर में खुशहाली संपन्नता और देवी मां की आराधना से शक्ति प्राप्त करने का पर्व है। इसी पर्व को लेकर जन समूह में अपार उत्साह लोगों में देखा जा रहा है। आस्था, कुमकुम और पूजा के थाल आज से लगना प्रारंभ हो गए हैं। अशोकनगर शहर में नवरात्रि के पहले दिन से शीतला माता के दरबार में जल अर्पित करने के लिए महिलाएं पहुंचना प्रारंभ होती हैं।



#### 25 हजार महिलाएं प्रतिदिन पहुंच रही माता के दरबार में

25 हजार से अधिक महिलाएं प्रतिदिन माता का अभिषेक करने के लिए पहुंचती हैं। सुबह की भोर में 4 बजे से महिलाएं अपने घर से निकलना प्रारंभ करती हैं जो दोपहर 12:00 बजे तक कार्यक्रम चलता रहता है। महिलाओं की भीड़ इतनी रहती है की गिनती कर पाना मुश्किल है सारे वर्गों की महिलाएं यहां पहुंचती है और माता को जलप्रपात करती है। शीतला माता का दरबार माता की आराधना और भक्ति के साथ प्रारंभ होता है। यह माता यहां के लिए शुभ संदेश लेकर आती है, कोई भी मंगलकारी पर्व सबसे पहले शीतला माता का दरबार में ही जाकर पूजा अर्चना की जाती है। यहां शीतला माता के दरबार के साथ अनेक मंदिर है यहां भी महिलाएं जल अर्पित करती हैं। महिलाएं अपने घरों से पात्रों में जल लेकर पहुंचती है और कई महिलाएं इस स्थान पर शुद्ध जल लेकर अर्पित करती हैं। शीतला माता का दरबार यहां की सबसे बड़ी देवी मां का दरबार है जो अत्यंत मंगलकारी है शुभकारी है।

शहर में हिंदू नव वर्ष की शुरूआत कईं कार्यक्रमों से हुई

## चल समारोह निकाला गया, महाराष्ट्र समाज ने अपने घरों पर गुड़ी टांगी





अशोकनगर। हिन्दू नव वर्ष हमारी संस्कृति का एक ऐसा पर्व है जो भक्ति भाव से मनाया जाता है, हिन्दू नववर्ष के मौके पर शहर में एक चल समारोह निकाला गया, महाराष्ट्र समाज द्वारा घर घर पर गुड़ी टांगी और गुड़ी पड़वा का पर्व मनाया।महाराष्ट्र समाज में गुड़ी टांगने की प्रथा सदियों से चली आ रही है, यह गुड़ी टांगना सम्पन्नता, समृद्धि और विजय का प्रतीक मानी जाती है। महाराष्ट्र समाज के प्रमुख तानाजी राव भोंसले ने बताया कि गुड़ी पड़वा से ही मराठी नववर्ष की शुरूआत होती है। महाराष्ट्र समाज के परिवार जनों द्वारा घर के ऊपर या घर के मुख्य द्वार पर यह गुड़ी टांगी जाती है। इन्हें बांस की डंडी पर रेशमी कपड़ा और नीम व आम के पत्तों के साथ कलश को सजाकर बनाया जाता है ताकि परिवार में सुख शांति और सम्पन्नता बनी रहे। गुड़ी पड़वा के दिन नीम की पत्तियां खाना भी स्वास्थ्य के लिए लाभ दायक माना जाता है इस दिन लोग नीम तोड़कर लाते हैं और नीम की कोपले खातें हैं और नीम की गोलियां भी बनाकर खाई जाती हैं। कहते हैं कि यह दिन राजा शालिवाहन की विजय के रूप में मनाया जाता है। हिन्दू नव वर्ष के मौके पर ध्वज यात्रा का आयोजन भी किया गया, हिन्दू विकास जन सेवा समिति द्वारा भक्ति भाव से यह ध्वज यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम की शुरूआत तारवाले बालाजी मंदिर से की गई, यहां हनुमानजी महाराज की पूजा अर्चना की गई और ध्वज अर्पित कर गाजे बाजो के साथ यह यात्रा ध्वज फहराते हुए की गई। सुबह की भोर में यह यात्रा निकाली गई जो शहर के गांधी पार्क, स्टेशन रोड, पुराना बाजार आदि मार्गों से होकर निकली, इस यात्रा का समापन राज राजेश्वर मंदिर पर की गई।


## सुप्रीम कोर्ट ने लगाई हाईकोर्ट के फैसले पर रोक, 23 जुलाई को सुनवाई

# फिलहाल मुकेश मल्होत्रा ही रहेंगे विजयपुर विधायक, रावत को झटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

विजयपुर के पूर्व विधायक रामनिवास रावत वर्सेज मुकेश मल्होत्रा के बीच चल रहे मामले में गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट द्वारा दिए गए फैसले पर रोक लगाते हुए पूर्व मंत्री रामनिवास रावत को झटका देते हुए मुकेश मल्होत्रा को ही विधायक बनाए रखने के आदेश जारी कर दिए हैं। ज्ञात हो कि हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने इस मामले में फैसला देते हुए मुकेश मल्होत्रा की विधायकी शून्य घोषित करते हुए रामनिवास रावत को विधायक निर्वाचित कर दिया था।

भाजपा प्रत्याशी के रूप में विजयपुर विधानसभा उपचुनाव लड़े पूर्व मंत्री रामनिवास रावत को कांग्रेस प्रत्याशी के हाथों हार झेलनी पड़ी थी। इस मामले को रामनिवास सहित चुनाव लड़े 10 प्रत्याशियों ने मुकेश मल्होत्रा पर आपराधिक प्रकरण छुपाकर चुनाव लड़ने का आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट में उनके चुनाव को चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने सभी पक्षों की सुनवाई के बाद विधायक मुकेश मल्होत्रा के चुनाव को शून्य घोषित करते हुए रामनिवास रावत को विधायक घोषित किया। हालांकि मुकेश मल्होत्रा के वकील द्वारा अनुरोध करने पर रामनिवास रावत को 15 दिनों तक विधायक का प्रमाण पत्र निर्वाचन रिटर्निंग अधिकारी से लेने पर रोक लगाते हुए मुकेश मल्होत्रा को सुप्रीम कोर्ट में अपील करने का मौका दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने पहली सुनवाई में ही रामनिवास रावत के स्थान पर फैसला आने तक मुकेश मल्होत्रा को ही विधायक बने रहने के आदेश जारी कर दिए। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अगली तारीख 23 जुलाई लगाई है।





### लाभ के पद से वंचित रहेंगे विधायक

खास बात यह भी है, कि सुप्रीम कोर्ट ने मुकेश मल्होत्रा को यह राहत कई प्रतिबंधों के साथ दी है। मुकेश मल्होत्रा विधायक तो कहलाएंगे पर लाभ के पद से वंचित रहेंगे। वह अपनी विधायक निधि खर्च नहीं कर सकेंगे उन्हें विधानसभा से मिलने वाला वेतन भी नहीं मिलेगा और वह होने वाले राज्यसभा सांसद के लिए चुनाव में वोट तक नहीं डाल पाएंगे, यह निर्णय कांग्रेस के लिए बड़ा झटका है क्योंकि मध्यप्रदेश से कांग्रेस संख्या बल के हिसाब से कम से कम एक सदस्य राज्य सभा में भेजा जाना जरूरी है लेकिन भाजपा ने जिस तरह बिहार में खेला किया है उससे मध्यप्रदेश में एक एक विधायक जरूरी हो गया है।

### सुप्रीम कोर्ट तक क्यों पहुंचा मामला?

विजयपुर उप चुनाव में मुकेश मल्होत्रा ने जो नामांकन भरा था उसमें खुद पर दर्ज सभी अपराधों का उल्लेख नहीं किया गया था। भारत निर्वाचन आयोग ने नियम बना दिया है कि चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी को अपना आपराधिक रिकॉर्ड न सिर्फ फार्म में भरना चाहिए बल्कि उसे कम से कम दो अख़बारों में प्रकाशित भी कराना चाहिए लेकिन मुकेश मल्होत्रा ने कुछ अपराध सार्वजनिक नहीं किए जिन्हें रामनिवास रावत सहित चुनाव लड़े 10 प्रत्याशियों ने कोर्ट में चुनौती दी थी। इस मामले में मुकेश मल्होत्रा का कहना था कि उसने उन अपराधों को नामांकन फार्म में नहीं भरा था जिनमें वो अदालत से बरी हो चुके थे लेकिन हाईकोर्ट ने उनकी इस दलील को अस्वीकार करते हुए अपराध छिपाकर चुनाव लड़ने का दोषी मानकर उनके द्वारा जीते गए चुनाव को शून्य घोषित करते हुए चुनाव में दूसरे नंबर पर रहे पूर्व मंत्री रामनिवास रावत को विधायक घोषित कर दिया था।

### इनका कहना...

न्याय की जीत हुई है। मैं न्यायालय के इस आदेश का सम्मान करता हूं विधानसभा में अपने क्षेत्र के मतदाताओं की आवाज उठाता रहूंगा यही मेरे लिए बड़ी बात है आगे भी फैसला मेरे ही पक्ष में आएगा ऐसी मुझे उम्मीद है।

**मुकेश मल्होत्रा**
विधायक विजयपुर

न्यायालय का फैसला स्वीकार है अभी भी पूरा फैसला नहीं आया है। आगे सुनवाई जारी है हम अपने तथ्य न्यायालय के सामने रखेंगे। अपराध छुपा कर जो चुनाव लड़ा गया है उस पर फैसला मेरे पक्ष में ही आएगा ऐसी मुझे उम्मीद है।

**रामनिवास रावत**
पूर्व मंत्री एवं याचिकाकर्ता

## हिंदू नव वर्ष का लोगों ने अपने-अपने अंदाज में किया स्वागत, हुए कई कार्यक्रम

# घट स्थापना के साथ चैत्र नवरात्रा प्रारंभ, शक्ति की भक्ति में डूबे भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर गुरूवार को मंदिरों व घरों में विधि-विधान से घट स्थापना की गई। इसके साथ ही शक्ति की भक्ति का नवरात्र पर्व शुरू हो गया और श्रद्धालु शक्ति की भक्ति में लीन हो गए है। मंदिरों में श्रद्धालुओं की विशेष चहल-पहल के बीच कहीं रामचरित मानस की चौपाइयां तो कहीं दुर्गा सप्तशती पाठ के आयोजन से समूचा माहौल धर्ममय हो गया है। इसके साथही गुरूवार से हिंदू नव वर्ष आरंभ हो गया है। जिसका स्वागत लोगो ने अपने अपने अंदाज में किया और इस अवसर पर शहर सहित जिलेभर कई कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

गुरूवार को नवरात्र पर्व के पहले दिन सुबह से ही देवी मंदिरों पर श्रद्धालुओं ने पहुंचना शुरू कर दिया। शहर के हजारेश्वर उद्यान स्थित दुर्गामाता मंदिर, सुबात कचहरी स्थित राजराजेश्वरी आनंदी माता मंदिर पर देवी प्रतिमा को नई पोशाक धारण कराकर सोना-चांदी के आभूषणों से श्रृंगारित किया गया। इन मंदिरों में दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। वहीं शहर के विभिन्न मंदिरों में अखंड रामायण पाठ के आयोजन प्रारंभ किए गए। इसके अलावा दुर्गापुरी स्थित दुर्गामाता मंदिर पर दोपहर 12 बजे अभिजित मुहूर्त में घट स्थापना की गई। इधर जाटखेड़ा माता मंदिर, बड़ौदा की बीजासन माता, कराहल स्थित पनवाड़ा माता मंदिर, पानड़ी के देवी मंदिर पर दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी



### हिंदू नव वर्ष के स्वागत में आयोजित हुए कार्यकम

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर गुरूवार को विक्रम नवसंवत्सर 2083 शुरू हो गया है। शहर में हिंदू नव वर्ष के स्वागत में हिंदू संगठन एवं सामाजिक संगठनों द्वारा भिन्न-भिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। लोगों द्वारा नव वर्ष की अगवानी के लिए घरों भी केसरिया ध्वज लगाए गए। दिनभर हिन्दू नववर्ष की बधाई देने का सिलसिला जारी रहा।

### अभाविप ने किया भारत माता की आरती का आयोजन

हिंदू नववर्ष पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने गुरूवार की शाम को शहर के जय स्तंभ चौक पर भारत माता की भव्य आरती का आयोजन किया। भारत माता की आरती के दौरान जय स्तंभ क्षेत्र का पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस मौके पर वक्ताओ ने उपस्थित लोगो को भारतीय नववर्ष के बारे में बताते हुए सभी नव वर्ष की शुभकामनाए प्रदान की।

# काल्यो कूद पड्यो मेले साईकल पंक्चर कर ल्यायो...



**श्योपुर।** शहर के नागदा रोड स्थित पीएम श्री शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 02 में बीते रोज विद्यालय का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्कूली छात्र छात्राओं के द्वारा विभिन्न गीतों पर सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी,जिसे उपस्थित लोगो ने खूब सराहा। इस दौरान राजस्थानी गीत काल्यो कूद पडयो मेले में, साईकल पंक्चर कर ल्याओ पर छात्राओं ने दी नृत्य की प्रस्तुति ने खूब तालिया बटोरी। वहीं मोबाइल पर नाटक की प्रस्तुति भी खूब सराही गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संकुल प्राचार्य भरत सिंह जाट तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रभारी बीईओ आनंद दीक्षित, स्कूल प्रभारी कृष्ण मुरारी नामदेव, पीएम श्री हाईस्कूल बडौदाराम के प्राचार्य बालचंद माहौर, पूर्व प्रधानाध्यापक पूरनचंद रेगर, पूर्व स्कूल प्रभारी राजकुमार गुप्ता, सहित जन शिक्षक और अन्य शिक्षक भी मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। इसलिए समय समय स्कूलों में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होते रहने चाहिए। कार्यक्रम में अतिथियों ने प्रतिभा दिखाने वाले स्कूली छात्र छात्राओ को पुरस्कार भी प्रदान किया। संचालन सत्यवान सिंह दादौरिया ने किया,जबकि आभार प्रदर्शन विद्यालय प्रभारी कृष्ण मुरारी नामदेव ने किया।

# बड़ौदा किले में राजसी ठाठ-बाट से सजेगा गणगौर महोत्सव, 21 को भव्य आयोजन

**श्योपुर।** मध्य प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा और शाही विरासत का प्रतीक गणगौर महोत्सव इस वर्ष भी श्योपुर-बड़ौदा राजपरिवार की ओर से ऐतिहासिक किला बड़ौदा में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। 21 मार्च 2026, शनिवार को होने वाले इस आयोजन को लेकर किला परिसर में तैयारियां जोरों पर हैं और पूरे नगर में उत्सव का वातावरण बन चुका है।

राजसी ठाठ-बाट और पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुरूप आयोजित होने वाला यह महोत्सव वर्षों पुरानी परंपरा का जीवंत उदाहरण है। बड़ौदा किले में गणगौर उत्सव मनाने की परंपरा लंबे समय से चली आ रही है, जिसे राजपरिवार द्वारा निरंतर संरक्षित और संवर्धित किया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान किला परिसर में देवी गणगौर की विधि-विधानपूर्वक स्थापना कर पूजा-अर्चना की जाएगी। इस अवसर पर नगर एवं आसपास के क्षेत्रों की महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित होकर बड़ी संख्या में भाग लेंगी और गणगौर के पारंपरिक गीतों के साथ नृत्य-गान प्रस्तुत करेंगी।



महोत्सव में श्योपुर-बड़ौदा राजपरिवार की रानी पूर्णिमा कुमारी की विशेष उपस्थिति रहेगी, जो इस आयोजन की गरिमा को और अधिक बढ़ाएगी। साथ ही राजकुमारी तनुश्री गौड़ की सहभागिता भी आकर्षण का केंद्र रहेगी।

जानकारी के अनुसार, कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 1 बजे से होगी, जो दिनभर विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के साथ चलता रहेगा। किला परिसर को पारंपरिक सजावट, और राजस्थानी कला के प्रतीकों से सजाया जा रहा है, जिससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं और अतिथियों को शाही वातावरण का अनुभव होगा।

उल्लेखनीय है कि गणगौर पर्व देवी गौरी (माता पार्वती) को समर्पित है, जिसे विशेष रूप से महिलाओं द्वारा सौभाग्य, सुख-समृद्धि और परिवार की मंगलकामना के लिए मनाया जाता है।

# दाऊदी बोहरा समुदाय ने मनाया ईदुल फितर, चांद दिखा तो आज होगी ईद

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

रमजान माह के 30 रोजे पूरे होने पर दाऊदी बोहरा समाज ने गुरुवार को ईदुल फितर त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया। एक दूसरे को गले लगा कर ईद की मुबारकबाद दी गई और सेवइयां खाकर खुशियां मनाई इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता कार्यकर्ता व समाजसेवियों ने मस्जिद में पहुंचकर बोहरा समाज को ईद की मुबारकबाद दी।

सुबह 6:00 के करीब समाज के धर्म गुरु के प्रतिनिधि के रूप में श्योपुर में नियुक्त आमिल साहब ने वार्ड क्रमांक 4 बोहरा बस्ती में स्थित मस्जिद में ईदुल फितर की नमाज पढ़ाई महिला और पुरुषों द्वारा एक साथ पढ़ी गई इस नमाज के दौरान मस्जिद को सजाने का काम भी समाज के युवाओं ने किया था। नमाज के बाद मुंबई से बोहरा समाज के धर्मगुरु मौलाना सैयदना बुरहानुद्दीन साहब द्वारा विश्व के लिए अमन शांति की दुआ की गई इसके जिसका प्रसारण मस्जिद में टीवी लगाकर किया गया था नमाज के बाद सभी ने एक दूसरे को गले लगा कर मुबारकबाद दी और मीठा शरबत पीकर उल्लास बनाया। इस दौरान विभिन्न राजनेताओं व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मस्जिद और जमातखाना में पहुंचकर बोहरा समाज को ईद की मुबारकबाद दी।

### कब कितने बजे होगी ईद की नमाज

| मस्जिद का नाम। | समय |
|---|---|
| ईदगाह | सुबह 9:30 बजे |
| जामा मस्जिद | सुबह 8:30 बजे |
| मस्जिद कुमेदान | सुबह 8:45 बजे |
| मस्जिद बड़ा इमामबाड़ा | सुबह 8:00 बजे |
| मस्जिद खान सैयद किला | सुबह 8:15 बजे |
| मस्जिद बस स्टेण्ड के पीछे | सुबह 8:00 बजे |
| मस्जिद सलापुरा | सुबह 8:30 बजे |
| मस्जिद नारनोल किला | सुबह 9:15 बजे |





### सबके साथ मनाएं ईद इसलिए जरूरतमंदों के घर पहुंचाई किट

ईद का खुशियां किसी खर के द्वार से गरीबी के कारण न लोट जाए कोई परिवार ईद मनाने से वंचित न रह जाए इसकी चिंता करते हुए जमीयत उलमा ए हिंद ने ईद से पहले ईद किट जरूरतमंदों के घरों पर पहुंचाने का काम गुरुवार को कर दिया है। यह जानकारी जमीयत के जिलाध्यक्ष हाफिज आदिल कुरैशी ने प्रेस नोट जारी कर दी है। उन्होने आगे बताया कि जुमेरात (गुरुवार) को जमीयत उलेमा जिला श्योपुर की तरफ से हर साल की तरह इस साल भी ईद के मौके पर जरूरतमंद और मुस्तहिक लोगों के घरों में तक ईद पर काम आने वाले सामान की किट भिजवाने का काम कर दिया है। ताकि जरूरतमंद भी ईद के मौके पर खुशियों में शामिल हो सकें। यह आयोजन मौलाना मोहम्मद अहमद सदर जमिअत उलेमा मध्य प्रदेश की सरपरस्ती में एवं उनकी सहमति से किया गया है इस काम में जमीअत के जिम्मेदार हाफिज मोहम्मद शाहनवाज, हाफिज मोहम्मद मकसूद, मौलाना कमरुद्दीन, मुफ्ती मोहम्मद शाह हुसैन, मुफ्ती मोहम्मद मुंतज़िर, मौलाना जावेद, मौलाना मोहम्मद सादिक, हाफिज मोहम्मद हनीफ, काजी असदुल्लाह कुरेशी, मौलाना मोहम्मद इस्लाम, हाफिज मोहम्मद शहजाद, कारी मोहम्मद सादिक, अशफाक भाई और तमाम इमाम और उलेमा हजरत भी इस अमल में सहयोग किया।

### चांद दिखा तो आज मनाई जाएगी ईद

मुस्लिम समाज ईद का त्योहार चांद दिखाई देने पर शुक्रवार को मनाएगा। अगर गुरुवार को आसमान पर चांद दिखाई नहीं दिया तो ईद की नमाज शनिवार को अदा की जाएगी अंजुमन सदर अकरम खान ने बताया कि ईदगाह को नमाज के लिए साफ सफाई कर तैयार कर दिया है। नमाज पढ़ने आने वाले सभी नमाजियों को अच्छी सुविधा मिले इसके प्रयास करवा रहे हैं।

## भव्यता से मनाई गई गौतम जयंती, हुए कई कार्यक्रम

# गाजे-बाजे के साथ निकाली महर्षि गौतम की शोभायात्रा, गूंजे जयकारे, झूमे समाजजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज ने गुरूवार को महर्षि गौतम जी की जयंती भव्यता के साथ मनाई। इस मौके पर शहर में महर्षि गौतम जी की शोभायात्रा भव्यता के साथ निकाली गई। गाजेबाजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी। शोभायात्रा का कई स्थानों पर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाजीय बंधु शामिल हुए।

गुरूवार की सुबह किला रोड स्थित गौतम धर्मशाला में महर्षि गौतम जी का सामूहिक पूजन और हवन किया गया, जिसमें समाजीय बंधु बडी संख्या में शामिल हुए, इसके बाद सायंकालीन समय में महर्षि गौतम जी की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा किला रोड स्थित गौतम धर्मशाला से शुरू हुई। गाजेबाजे के साथ निकाली इस शोभायात्रा में एक रथनुमा वाहन में महर्षि गौतम जी विराजित थे, समाजीय बंधु महर्षि गौतम जी के जयकारे लगाते चल रहे थे, तो महिलाएं मंगल गीत गाती चल रही थी। जबकि समाजीय युवा नाचते और झूमते चल रहे थे। शोभायात्रा ब्राह्मण पाडा, भोई मोहल्ला, मालियों का मंदिर, टोडी गणेश बाजार, मैन बाजार होते हुए जयस्तंभ चौक पर पहुंची। मार्ग में जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत हुआ। जयस्तंभ चौक से यह शोभायात्रा वापस मुख्य बाजार होते हुए गौतम धर्मशाला पहुंची। जहां विधिवत आरती के साथ शोभायात्रा का समापन हुआ। इसके बाद सामूहिक सहभोज का आयोजन हुआ, जिसमें समाजीय बंधुओं ने प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम के अंत में गौतम ब्राह्मण समाज श्योपुर ट्रस्ट कार्यकारिणी अध्यक्ष शंभूदयाल शर्मा पंकज, गौतम जयंती संयोजक जितेन्द्र शर्मा, सह संयोजक एलएन शर्मा, नारायण शर्मा सहित अन्य कई पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में भागीदारी करने वाले समाजीय बंधुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।



### पहली बार जिलेभर के समाजीय बंधुओं ने की भागीदारी

महर्षि गौतम जी की शोभायात्रा में इस बार शहर के समाजीय बंधुओ के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के समाजीय बंधुओ की भी सहभागिता रही। दरअसल ट्रस्ट कार्यकारिणी के द्वारा इस दफा पहली बार ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले समाजीय बंधुओ को इस समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया गया था। जिसके चलते इस बार शोभायात्रा और सहभोज के दौरान ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले समाजीय बंधुओ की उपस्थिति नजर आई।



### गौ सेवा धाम में मनाया महर्षि गौतम का प्रकट दिवस

अंतरराष्ट्रीय गुर्जर गौड ब्राह्मण महिला महासभा द्वारा बायपास रोड स्थित गौ सेवा धाम मे महर्षि गौतम जी का प्रकट दिवस मनाया गया। महासभा की अध्यक्ष प्रभा गौतम की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में जुटी समाजीय महिलाओ ने सबसे पहले महर्षि जी का पूजन किया तत्पश्चात गौ माता का पूजन कर उनको चारा व गुड खिलाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया एवं साथ ही महिलाओं द्वारा गणगौर के गानों पर डांस एवं चेयर रेस,बैडमिंटन आदि कार्यक्रम रखे गए। साथही गर्मी में पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए पानी के सकारे भी लगाए। इस अवसर पर उपाध्यक्ष ममता गौतम, कोषाध्यक्ष लीला गौतम, निर्मला गौतम, पुष्पा शर्मा, राधा यादुराज, राधा गौतम, मंजू गौतम, संध्या गौतम, प्रिया गौतम, अंजली गौतम, सीमा गौतम, प्रीति गौतम आदि महिलाएं मौजूद रही।

### गांधी पार्क पर सर्व ब्राह्मण महासभा ने किया स्वागत

महर्षि गौतम जी की शोभायात्रा का शहर के गांधी पार्क पर सर्व ब्राह्मण महासभा की श्योपुर जिला इकाई ने स्वागत किया। इस मौके पर सर्व ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष रामबाबू शर्मा, महामंत्री कृष्णकांत उपाध्याय, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा, सहित अन्य कई पदाधिकारी व समाजीय लोग मौजूद थे।

# 8 माह गुजरने के बाद भी तहसीलदार ने नहीं किया एसडीएम के आदेश पर अमल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

एसडीएम द्वारा निर्देश की अवहेलना तहसीलदार द्वारा की जाए ऐसा संभव नहीं है लेकिन श्योपुर में ऐसा हो रहा है। एसडीएम द्वारा 100 बीघा भूमि के फर्जीवाड़ा से जुड़ी शिकायत की जांच कर प्रतिवेदन भेजे जाने के एसडीएम के निर्देश की 8 माह बाद भी अमल नहीं हुआ है। आवेदक हनुमान सिंह द्वारा की गई शिकायत पर एडीएम ने तहसीलदार को पत्र लिखकर कैलाश निवासी सब्जी मंडी गली बोरखेड़ा कोटा एवं ओमप्रकाश पुत्र शिवराज निवासी नागदा की डी अन्ता जिला कोटा के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के अनुसार एसडीएम ने लिखा कि ग्राम मानपुर की भूमि सर्वे कमांक 133/1, 133/2. 133/3 रकया 100 बीघा के संबंध में तहसील श्योपुर के राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों का दल गठन करते हुए जांच प्रतिवेदन स्पष्ट अभिमत के चाहा गया है। आवेदन पत्र व सहपत्रों के पत्र के संलग्न कर भेजी जा रही है। आप उक्त पत्र के क्रम में ग्राम मानपुर की भूमि सर्वे क्रमांक 133/1, 133/2 133/3 रकवा 100 बीघा के संबंध में तहसील राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों का दल गठन किया।

सूचना :- हरिभूमि

पाठक गण को सर्व सम्मत से सूचित किया जाता है कि ब्यावरा की एजेंसी संतोष गोस्वामी निवासी ब्यावरा को दी गई है इन्हे विज्ञापन एवं समाचारों के लिए अधिकृत किया गया है आप सभी से अनुरोध है कि समाचार, विज्ञापन और प्रसार के लिए सहयोग प्रदान करे।

धन्यवाद।

पता : संतोष गोस्वामीगुना नाका, बांडी खाली, बंधन बैंक के सामने, फर्स्ट फ्लोर, ब्यावरा जिला (राजगढ़)

नोट: अखबार प्राप्त करने के लिए सम्पर्क करें 6268644011, 8770833858